# अभिनंदन के पीछे खाली जमीन पर 8 करोड़ में बनेंगी 212 दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 13 मई. अभिनंदन सरोवर के पीछे खाली जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनेगा। नगरपालिका ने विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेज दी है।**

**नगरपालिका ने डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी**

**पीपीपी मॉडल पर बनेगा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स**



जैसे ही शासन से इस प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलती है, आगे की कार्रवाही शुरू कर दी जायेगी। सबसे खासबात यह है कि इस जमीन पर 8 करोड़ की लागत से पीपीपी मोड पर लगभग 212 दुकानों का निर्माण किया जायेगा। जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेगी। यहां सीसी रोड, पेवर ब्लॉक और आरसीसी अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किए जाने की योजना है। जानकारों का कहना है कि यदि इस परियोजना को स्वीकृति मिलती, तो शहर को एक सुव्यवस्थित व्यापारिक केंद्र मिलेगा। बता दे कि जिस जमीन पर कॉम्प्लेक्स बनना है वह कई वर्षों से पूरी तरह उपयोग में नहीं लाई जा सकी है। नगरपालिका इस जमीन का अस्थायी उपयोग जरूर करती रही है। हर साल मूर्तिकारों को यहां मूर्ति निर्माण के लिए जगह दी जाती है, जहां तीन से चार महीने तक काम चलता है। वहीं करीब 85 दुकानदारों को भी अस्थायी रूप से टीनशेड लगाकर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई है, लेकिन जमीन का स्थायी उपयोग अब तक नहीं हो सका था। लेकिन अब नगरपालिका ने इस जमीन पर कमर्शियल काम्प्लेक्स बनने की योजना तैयार की है। विगत दिनों सीएमओ नवनीत पांडे ने इंजीनियरों की टीम के साथ अभिनंदन सरोवर के पीछे प्रस्तावित व्यवसायिक कॉम्पलेक्स की जमीन देखी थी। जहां पीपीपी मॉडल पर कॉम्प्लेक्स विकसित करने की योजना है। यहां 212 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी गई है।

> अभिनंदन सरोवर के पीछे पीपीपी मॉडल पर कॉम्प्लेक्स विकसित करने की योजना है। इसके लिए 8 करोड़ की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई है। वहां से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद इस योजना पर काम शुरू किया जायेगा। यहां करीब 212 दुकानों का निर्माण किया जायेगा।
>
> **– नवनीत पाण्डेय,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## जमीन का फिलहाल हो रहा अस्थाई उपयोग

अभिनंदन सरोवर के पीछे खाली पड़ी जमीन का फिलहाल नगरपालिका अस्थाई रूप से उपयोग कर रही है। इस जमीन को हर साल मूर्तिकारों को मूर्ति निर्माण के लिए दी जाती है, जहां तीन से चार महीने तक काम चलता है। वहीं करीब 85 दुकानदारों को भी अस्थायी रूप से टीनशेड लगाकर व्यवसाय करने की अनुमति दी गई है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह दुकानें भी कम ही खुलती है। यदि इस जमीन पर कमर्शियल काम्प्लेक्स बनता है तो शहर को एक अच्छा बाजार और दुकानदारों को स्थाई ठौर मिल जायेगा।

## 2018 में भी बनी थी योजना, लेकिन नहीं मिली मंजूरी

अभिनंदन सरोवर के पीछे प्रस्तावित कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए नगरपालिका ने अब 8 करोड़ रूपये की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजा है। जहां से वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति के बाद आगे की कार्रवाही की जायेगी। बताया जा रहा है कि इससे पहले वर्ष 2018 में भी इसी स्थान पर कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना नगरपालिका ने बनाई गई थी, जो मंजूरी के अभाव में ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब नगरपालिका ने पीपीपी मोड पर 212 दुकानों के निर्माण योजना बनाई है। जिससे उम्मीद है कि जल्द ही इस प्रोजेक्ट को शासन की ओर से हरी झंड़ी मिल सकती है।

# घायल महिला 4 दिन से अस्पताल में भर्ती, परिजनों की तलाश

**बैतूल। जिला अस्पताल में पिछले चार दिनों से एक अज्ञात महिला भर्ती है। उसे ट्रेन दुर्घटना के बाद गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था।**



महिला की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, जिसके चलते अस्पताल प्रशासन और जीआरपी पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, महिला ने अपना नाम संध्या और पति का नाम पप्पू बताया है। उसने खुद को सिवनी जिले के लखनादौन क्षेत्र का निवासी बताया है। महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। जीआरपी बैतूल पुलिस चौकी प्रभारी रविश कुमार के अनुसार, महिला धाराखोह और मरामझिरी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक के पास घायल अवस्था में मिली थी। वह वहां कैसे पहुंची और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस का मानना है कि महिला मानसिक रूप से अस्थिर प्रतीत हो रही है, जिसके कारण उसके द्वारा दी गई जानकारी की पुष्टि नहीं हो पा रही है। पुलिस ने महिला द्वारा बताए गए परिवार से संपर्क किया, जहां से जानकारी मिली कि वह पिछले करीब तीन साल से घर से बाहर है और संपर्क में नहीं है। इसके बाद उसकी पहचान की पुष्टि नहीं हो सकी। महिला 9 मई से जिला अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि महिला के परिजनों तक सूचना पहुंचना जरूरी है ताकि उसे उचित देखभाल मिल सके। इस संबंध में संपर्क के लिए मोबाइल नंबर 6260832771 जारी किया गया है। पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई महिला को पहचानता हो या उसके परिवार की जानकारी रखता हो तो तुरंत संपर्क करें, ताकि उसे परिवार तक पहुंचाया जा सके।

# राज्यपाल के दौरे की तैयारियों का निरीक्षण

**बैतूल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के 21 मई को भीमपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पुलिस थाना ग्राउंड भीमपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ सोनवणे ने राज्यपाल श्री पटेल के आगमन, विभिन्न प्रदर्शनियों के अवलोकन, स्वास्थ्य शिविर निरीक्षण, हितग्राहियों से संवाद, नवाचार गतिविधियों, मंच व्यवस्था तथा अतिथियों के आगमन-निर्गमन सहित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश



अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम में आने वाले जनसामान्य के लिए बैठक व्यवस्था, शीतल पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े, एसडीएम अजीत मरावी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर 14 मई को


**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 13 मई.** संपर्क अभियान के तहत विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 मई को बैतूल में दो स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केन्द्र बैतूल शहर जोन-2 द्वारा वरद लॉन, चक्कर रोड बैतूल में आयोजित शिविर में सुबह 10 बजे से कलस्टर क्रमांक-4 अंतर्गत मोती वार्ड क्रमांक-11 एवं देशबंधु वार्ड क्रमांक-12 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी। इसी प्रकार वितरण केन्द्र बैतूल शहर जोन-1 द्वारा प्राथमिक शाला विनोबा वार्ड में शिविर आयोजित किया जाएगा।

इस शिविर में सुबह 10 बजे से कलस्टर क्रमांक-6 अंतर्गत लोहिया वार्ड क्रमांक-30 एवं विनोबा वार्ड क्रमांक-31 के उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंधक ने संबंधित उपभोक्ताओं से शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु लाभ लेने की अपील की है।

# नरवाई की आग पेट्रोल पंप तक पहुंची, हादसा टला

**मुलताई। क्षेत्र के ग्राम बिरूल बाजार में मंगलवार रात करीब 11 बजे खेतों में जलाई गई नरवाई की आग समीप स्थित पेट्रोल पंप तक पहुंच गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।**



बताया जाता है ग्राम बिरूल बाजार स्थित खेतों में किसानो द्वारा नरवाई जलाई गई थी तेज हवाओ के कारण आग तेजी से फैलते हुए लकी साईं पेट्रोल पंप परिसर तक जा पहुंची। पेट्रोल पंप के आसपास सूखी घास और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने से खतरा और बढ़ गया था। प्रत्यक्षदर्शियो ने आगजनी की नगर पालिका मुलताई की फायर ब्रिगेड को देने पर नगरपालिका मुलताई फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची एवं कडी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई, तब तक आग पेट्रोल पंप के पास तक पहुंच गई थी,लेकिन फायर कर्मचारी तब तक असगर बुझा चुके थे। जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग पेट्रोल या डीजल भंडारण क्षेत्र तक पहुंच जाती तो स्थिति बेहद भयावह हो सकती थी। पेट्रोल पंप संचालक अमित कोसे ने नरवाई जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आग बुझाने में फायर कर्मचारी पायलट राहुल चंडालिया, फायरमैन दीपक अहिरवार और भूपेंद्र सिंह राठौर के सराहनीय भूमिका रही।

# बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए लगेंगे शिविर

**मुलताई।** म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि टेड मुलताई संभाग द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओ के निराकरण के लिए संपर्क अभियान 14 मई 2026 से चलाया जाएगा। उपमहाप्रबंधक हितेश वशिष्ठ ने बताया कि संपर्क अभियान के तहत मुलताई संभाग के सभी 10 वितरण केन्द्रो के विभिन्न ग्रामों में 14 मई, 19 मई, 23 मई एवं 27 मई 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजन किया जायेंगा। इन शिविरों में कनेक्शन संबंधी सेवाए, नया कनेक्शन आवेदन, नाम/भार परिवर्तन, स्थाई पंप कनेक्शन 5 रूपये मे, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई रूप से विच्छेदन इत्यादि तथा बिल संबंधी समस्याए जैसे गलत बिल, अधिक बिल, गलत रिडिंग, आंशिक भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छुट आदि सेवाएं सम्मिलित है। इसी प्रकार तकनीकी सेवाए जैसे बिजली बंद होना, बिजली लाइन संबंधी, वोल्टेज संबंधी, ट्रिपिंग संबंधी, फेल ट्रांसफार्मर बदलने आदि की समस्या का निराकरण किया जायेंगा। इसी प्रकार मीटर की समस्या जैसे बंद, खराब मीटर बदलना, मीटर तेज चलने की समस्या, स्मार्ट मीटर की समस्या इत्यादि का निराकरण किया जायेंगा।

# सरोवर पर की गई मुख्य प्रवाह मार्ग की साफ सफाई

**मुलताई।** पवित्र नगरी मे सूर्यपुत्री मां ताप्ती नदी के मुल प्रवाह मार्ग की साफ-सफाई बुधवार को की गई, जिसमें ताप्ती उद्गम स्थल के गौमुख की भी सफाई की गई। मुलरूप से मां ताप्ती जी उद्गम स्थल के गौ मुख से निकलती हैं एवं छोटे तालाब से होते हुए नदी का स्वरूप धारण करती हैं। बुधवार को सफाई कार्य के उपरांत अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आईं। ताप्ती भक्त दिनेश कालभोर ने बताया निरीक्षण में पाया गया कि गौ मुख पौराणिक समय का प्राचीन निर्मित गोमुख है, जिसके आसपास लगे पत्थरों पर भी पुरानी नक्काशी विद्यमान है।



गौमुख के समीप लगभग 8 फीट गहरी नहरनुमा नदी का प्रवाह मार्ग बना हुआ है, जो इस स्थल की प्राचीन संरचना और जल निकासी व्यवस्था को दर्शाता है।जहां स्लुज गेट स्थित है, वह भी बांध में बनने वाले गेट की संरचना जैसा प्रतीत होता है। जिस प्रकार गौमुख के आजू-बाजू स्तंभ बने हुए हैं, उसी प्रकार के स्तंभ मां ताप्ती जी के छोटे सरोवर में भी होने की जानकारी प्राप्त हुई।जानकारी के अनुसार कुछ लोगों द्वारा उन स्तंभों को तोड़कर वहां अतिक्रमण किया गया तथा इस प्राचीन धरोहर को क्षति पहुंचाई गई है।

## 10 आरोपियों से अवैध शराब जप्त

मुलताई। पुलिस ने थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को अवैध रूप शराब बेचते पकड़ा है। टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया मंगलवार को मुखबिर सूचना के आधार पर मुलताई कस्बा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब जप्त की है, पुलिस द्वारा आरोपी पंकज पिता मनोहर पवार, उम्र 37 वर्ष, निवासी कामथ से 15 पाव देशी शराब, कीमत 1हजार 2 सौ रुपए,रवि पिता सुखनंदन साहू, उम्र 37 वर्ष, निवासी मुलताई से 22 पाव देशी शराब, कीमत 1 हजार 780 रुपए, मनोज पिता लक्ष्मीनारायण कुशवाह, उम्र 46 वर्ष, निवासी मुलताई से 26 पाव देशी प्लेन, कीमत 2हजार 80रुपए,मनीष पिता मुन्नालाल अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी कामथ से 20 पाव देशी प्लेन, कीमत 1हजार 600रुपए,सतवंत पिता शिवलाल साहू, उम्र 34 वर्ष, निवासी कामथ से 22 पाव देशी प्लेन, कीमत 1हजार 760रुपए, हुकुमचंद साहू पिता जगन साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी मुलताई से 24 पाव देशी प्लेन, कीमत 1हजार 920 रुपए, निलेश पिता कुंजीलाल खैरपारे, उम्र 42 वर्ष, निवासी मटन मार्केट मुलताई से 19 पाव देशी प्लेन शराब कीमत 1हजार 520रुपए, दिलीप पिता भद्देया बामने, उम्र 49 वर्ष, निवासी मुलताई से 65 पाव देशी प्लेन, कीमत 5 हजार 850रुपए,इंदल पिता भाउजी लबाड़े, उम्र 42 वर्ष, निवासी कामथ से 22 पाव देशी प्लेन, कीमत 1हजार 980रुपए,सोनिया पिता लक्ष्मण भूमरकर, उम्र 52 वर्ष, निवासी कामथ से 70 पाव देशी प्लेन, कीमत 5 हजार 600 रुपए,कुल 54.900 लीटर अवैध देशी शराब,कुल कीमत 25 हजार 290 रुपए जप्त की गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/सा.प्र.शा./ई./1876 बैतूल दिनांक 12/05/2026

**//ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना//**
**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य / सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _506786_1 | SUPPLY OF STATIONERY FOR MUNICIPAL COUNCIL BETUL | 1- 2026-27 (365 DAYS) 2- 1000000/- | 1- 2000/- 2- 7500/- | 29/05/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**(नवनीत पाण्डेय)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैतूल**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला - बैतूल (म.प्र.)

E-mail ID: cmoamla@mpurban.gov.in Office Ph. No-07147-285752
क्रमांक/जलप्र.शा./ई-निविदा/2026/780 आमला, दिनांक-13/05/2026

**//ई-निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय (अल्पकालीन)//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _507274 Dt:13-05-2026 | Installation of new pipelines for the municipal water supply system in various wards of the Amla municipality. | 1-06 Month 2- Rs. 26,74,000/- | 1-Rs.5,000/- 2- Rs. 20,100/- | Dt: 20-05-2026 Time: 17:30 pm |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**(श्री नितिन गाडरे)** अध्यक्ष नगरपालिका परिषद आमला

**(श्री किशोर माथनकर)** उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद आमला

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी** नगरपालिका परिषद आमला


# मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार की भाजपा में वापसी

**मुलताई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार जिला मंत्री वर्षा गढेकर की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू प्रहलाद सिंह परमार ने भारतीय जनता पार्टी में वापसी की है।**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी रहे मौजूद**

**भाजपा में शामिल होने पर पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत**



नीतू परमार ने गरुसाहब वार्ड मुलताई से भाजपा के चुनाव चिन्ह पर पार्षद का चुनाव जीता था। जिसके बाद वह भाजपा के दो पार्षद एवं कांग्रेस पार्षदों के सहयोग से भाजपा से अध्यक्ष पद की उम्मीदवार वर्षा गढेकर के खिलाफ विजयी हुई थी, जिसके चलते उन्हें भाजपा से निष्कासित कर दिया था, तब नीतू प्रहलाद सिंह परमार ने कांग्रेस ज्वाइन की थी। जिसके बाद लगातार ढाई साल तक अध्यक्ष पद को लेकर चली न्यायालयीन लड़ाई में विजय प्राप्त करने बाद नीतू परमार ने बुधवार को भाजपा मे घर वापसी की है। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती वर्षा गढ़ेकर की मौजूदगी में मुलताई नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू परमार एवं उनके पति प्रहलाद सिंह परमार भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मुलताई विधायक, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री ने मुलताई नपा अध्यक्ष श्रीमती नीतू एवं उनके पति प्रहलाद सिंह परमार का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस दौरान मुलताई नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू भी मौजूद थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और विकास कार्यों से प्रभावित होकर विभिन्न वर्गों के लोग लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने नीतू परमार का भाजपा परिवार में स्वागत किया।

## एक नजर में

### कार दुर्घटना में महिला आरक्षक की मौत

**मुलताई।** नेशनल हाईवे छिंदवाडा रोड पर ग्राम खैरवानी के समीप बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे कार दुर्घटना मे एक महिला आरक्षक की मौत हो गई, वहीं कार मे सवार 2 बच्चे घायल हो गए। बताया जाता है बुधवार की दोपहर दुनावा निवासी मोनिका पटेल कार से अपने बच्चे दिव्या पटेल (13 वर्ष) एवं काव्या पटेल (5 वर्ष) के साथ बैतूल जा रही थी इस दौरान ग्राम खैरवानी के पास वाहन को साइड देने के दौरान कार बेकाबू होकर दुर्घटनाग्रस्त गई। दुर्घटना मे मोनिका पटेल को मौके पर मौत हो गई, वहीं दोनों बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को कार से निकालकर तत्काल साहू एंबुलेंस की मदद से क्रिस अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जाता है मोनिका पटेल बैतूल मे कोर्ट मुंशी के पद पर पदस्थ थी।

### भीषण गर्मी में राहत का सहारा बन रहे प्याऊ

**पाथाखेड़ा।** नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख स्थानों पर शुरू किए गए प्याऊ अब लोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रहे हैं। प्याऊ संचालन से जुड़े ठेकेदार कुबेर डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्याऊ में नियमों के अनुरूप शुद्ध आरो का ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्याऊ में कार्य करने वाले मजदूरों को भी शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर क्षेत्र में कहीं भी शुद्ध शीतल पेयजल की कमी नहीं होने दी जाएगी तथा लगातार निगरानी रखकर जल व्यवस्था सुचारु बनाए रखी जाएगी। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच राहगीरों, मजदूरों एवं बाजार आने वाले लोगों को इन प्याऊ से बड़ी राहत मिल रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका एवं संबंधित व्यवस्था से जुड़े लोगों की पहल को सराहते हुए मांग की है कि पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान प्याऊ व्यवस्था निरंतर जारी रखी जाए, ताकि आमजन को गर्मी से राहत मिलती रहे।

### इंदिरा ज्योति यात्रा पहुंची बैतूल

**बैतूल।** इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और महात्मा गांधी के रामराज्य की अवधारणा को लेकर निकाली जा रही इंदिरा ज्योति यात्रा बुधवार 13 मई को बैतूल पहुंची। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रसिद्ध लेखक एवं विचारक भास्कर राव रोकड़े ने सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों, बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत कर इसे वैचारिक जनजागरण का अभियान बताया। पत्रकार वार्ता में भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती को सृजन दिवस के रूप में मनाते हुए इंदिरा ज्योति यात्रा के माध्यम से सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और रामराज्य की अवधारणा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। रामराज्य की ओर अभियान की शुरुआत 19 नवंबर 2025 को की गई थी। इसके बाद 6 जनवरी 2026 से छिंदवाड़ा के गांधी गंज से रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा एवं इंदिरा ज्योति यात्रा प्रारंभ की गई।